साईं नाथ मेरे दाता तू है मेरा सहाई

साईं नाथ मेरे दाता तू है मेरा सहाई,
तेरा प्यार बंदगी मेरी तूने बिगड़ी मेरी बनाई
साईं नाथ मेरे दाता तू है मेरा सहाई,

तेरा हाथ सिर पे मेरे हो माँ का जैसे साया
अपनों ने मुझको छोड़ा तूने गले लगाया
तेरी रेहमतो ने बाबा पीड़ा मेरी मिटाई
साईं नाथ मेरे दाता तू है मेरा सहाई,

जब साथ है तू मेरे दुनिया से है क्या लेना
मैं बुल जाऊ कैसे मैं साईं तेरा खिलौना
तेरी सेवा पाऊ हर दम मेरी बगियाँ तूने खिलाई
साईं नाथ मेरे दाता तू है मेरा सहाई,

साईं तेरी दया से मेरा संसार जग मगाए,
रोशन हुआ ये जीवन जब तूने दीप जलाए,
पाता रहू मैं ख़ुशीया तुझसे ही मेरे साईं
साईं नाथ मेरे दाता तू है मेरा सहाई,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22673/title/sai-nath-mere-data-tu-hai-mera-sahai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |